एनएसडीसी और माइक्रोसॉफ्ट ने डिजिटल कौशल के साथ युवाओं को सशक्त बनाने के लिए मिलाया हाथ

इस पहल का लक्ष्य अगले 12 महीनों में 1 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार देना है

नई दिल्ली, 08 जुलाई, 2020: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत को विश्व के कौशल की राजधानी बनाने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के अंतर्गत एनएसडीसी और माइक्रोसॉफ्ट अगले 12 महीनों में देश के 1 लाख से अधिक युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करेंगे।

माइक्रोसॉफ्ट एनएसडीसी के ईस्किल इंडिया पोर्टल के साथ मिलकर कार्य करेगा ताकि ऑनलाइन लर्निंग के संसाधनों को युवाओं तक मुफ्त में पहुंचाने के साथ ही डिजिटल स्किलिंग जागरूकता ड्राइव का संचालन किया जा सके। जिससे आने वाली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को उन कौशलों के साथ तैयार किया जा सके जो डिजिटल अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए ज़रूरी हैं।

इस साझेदारी के अनुरूप, माइक्रोसॉफ्ट लर्निंग रिसोर्स सेंटर का माइक्रोसॉफ्ट लर्न एनएसडीसी के ईस्किल इंडिया के साथ मिलकर कार्य करेगा ताकि युवाओं को आज की अर्थव्यवस्था की मांग के मुताबिक ऑनलाइन लर्निंग के रास्तों एवं संसाधनों तक आसानी से पहुँचाया जा सके और भविष्य में इस दिशा में एक सकारात्मक पहल शुरू की जा सके। ऑनलाइन लर्निंग का यह पाथ एंट्री-लेवल डिजिटल लिट्रेसी से लेकर एडवांस्ड प्रोडक्ट बेस्ड स्किलिंग जैसे आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस और क्लाउड कम्पुटिंग जैसी महत्वपूर्ण तकनीकियों और स्किल की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करेगा। यही नहीं, वर्तमान समय में मांग के अनुरूप नौकरियों की चाह रखने वालों को रीस्किल और अपस्किल करने के भी बहुत से अवसर प्रदान किये जायेंगे।

National Skill Development Corporation — Transforming the skill landscape

Microsoft

एनएसडीसी के साथ माइक्रोसॉफ्ट की यह साझेदारी वैश्विक कौशल पहल का एक विस्तार है, जिसके अंतर्गत कोविड-19 के इस संकटकाल में दुनिया भर के 2.5 करोड़ लोगों को अर्थव्यवथा के लिए ज़रूरी नए डिजिटल कौशल प्रदान करने में सहायता की जाएगी।

साझेदारी के बारे में बात करते हुए, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष, अनंत माहेश्वरी ने कहा, "भारत में हो रहा डिजिटल ट्रांसफार्मेशन, हर उद्योग में तकनीक-सक्षम नौकरियों की मांग को बढ़ा रहा है और इसके लिए हमें डिजिटल कौशल की आवश्यकता है। हमने डिजिटल स्किल इकोसिस्टम को तैयार करने में बड़ा निवेश किया है ताकि भविष्य में मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कार्यबल को तैयार किया जा सके। एनएसडीसी के साथ हमारी साझेदारी इस दिशा में एक मजबूत कदम है, जो शिक्षार्थियों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में सफल होने के लिए आवश्यक संसाधन एवं उपकरण उपलब्ध करवा रही है।"

एनएसडीसी के सीईओ एवं एमडी डॉ. मनीष कुमार ने इस साझेदारी पर चर्चा के दौरान के बताया, "इस सहयोग का उद्देश्य तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल इनवायरन्मेंट में युवा कार्यबल की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए ऑनलाइन शिक्षण में तेजी लाना है। उन्होंने बताया कि नए युग और उन्नत कौशल पर ध्यान देने के साथ ही यह पहल हमारी अर्थव्यवस्था की बढ़ती मांगों को पूरा करेगी।"

ईस्किल इंडिया प्लेफॉर्म के साथ माइक्रोसॉफ्ट लर्न की यह साझेदारी शिक्षार्थियों को अनुकूलित शिक्षण सामग्री के साथ-साथ संसाधनों को भी उपलब्ध करवाएगी, जिन्हें कभी भी और कहीं भी प्रयोग किया जा सकता है।

ई-स्किल इंडिया और माइक्रोसॉफ्ट एनएसडीसी के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत नामांकित छात्रों, प्रशिक्षण भागीदारों और उच्च-शिक्षा के प्रशिक्षुओं की सहायता के उद्देश्य से देश भर में ई-कौशल कार्यक्रमों, वेबिनार और वर्चुअल सत्रों की सह-मेजबानी करेंगे।

यह सत्र डिजिटल साक्षरता को तेजी से आगे बढ़ाने के साथ ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग एवं क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी अन्य तकनीकियों में पहुँच बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए जाएंगे।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के बारे में

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत एक अद्वितीय सार्वजनिक-निजी-साझेदारी है जिसका उद्देश्य भारत में गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक प्रशिक्षण के ईकोसिस्टम के निर्माण को उत्प्रेरित करना है। 2010 में स्थापना के बाद से, NSDC ने 600+ प्रशिक्षण भागीदारों, 11,000+ प्रशिक्षण केंद्रों के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से 2.5 करोड़ से अधिक लोगों को देश भर में 600+ जिलों में प्रशिक्षित किया है। NSDC ने 37 सेक्टर स्किल काउंसिल स्थापित किए हैं और सरकार की प्रमुख कौशल विकास योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY), प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (PMKK), नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशनल स्कीम (NAPS) को लागू कर रहा है।

ईस्किल इंडिया के बारे में

एनएसडीसी का ईस्किल इंडिया पोर्टल शिक्षार्थियों को कभी भी, कहीं भी, ऑनलाइन कौशल-पाठ्यक्रम का पता लगाने के लिए एक प्लेटफार्म देता है। यह पोर्टल वर्चुअल लर्निंग और रिमोट क्लासरूम जैसे तरीकों के माध्यम से कौशल सीखने वालों को सक्षम बनाने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग करता है। ईस्किल इंडिया, लीडिंग नॉलेज प्रोवाइडर्स के माध्यम से कई भारतीय भाषाओं में लगभग 500 ई-लर्निंग पाठ्यक्रम को सूचीबद्ध करता है।

माइक्रोसॉफ्ट के बारे में

माइक्रोसॉफ्ट (Nasdaq "MSFT" @microsoft) एक इंटेलीजेंट क्लाउड़ और एक इंटेलीजेंट एज के युग के लिए डिजिटल ट्रांसफार्मेशन को सक्षम बना रहा है। इसका मिशन दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक संगठन को और अधिक सफल होने के लिए सशक्त बनाना है। माइक्रोसॉफ्ट ने 1990 में भारत में अपना संचालन शुरू किया। आज, भारत में माइक्रोसॉफ्ट के 11,000 से अधिक कर्मचारी हैं, जो 11 भारतीय शहरों - अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई और पुणे में सेल्स एंड मार्केटिंग, रिसर्च, डेवलपमेंट और कस्टमर सर्विस में लगे हुए हैं। माइक्रोसॉफ्ट भारतीय

स्टार्टअप, व्यवसायों और सरकारी संगठनों में डिजिटल ट्रांसफार्मेशन में तेजी लाने के लिए स्थानीय डेटा केंद्रों से अपनी ग्लोबल क्लाउड सर्विसेज़ प्रदान करता है।

For more details, please contact:
Shreya Pandey
7042885909